खिरसाडोह पंचायत सचिव से विवाद, फाइल-दस्तावेज फेंकने का आरोप

पेमेंट को लेकर युवक द्वारा दबाव बनाने का सचिव ने लगाया आरोप, सरपंच से लेन-देन की बात आई सामने

ग्राम पंचायत खिरसाडोह के सचिव कक्ष में बुधवार को सचिव और स्थानीय युवक के बीच विवाद का मामला सामने आया। पंचायत सचिव विजय सिंधिया ने युवक पर पेमेंट के लिए दबाव बनाने, गाली-गलौज करने तथा टेबल पर रखी शासकीय फाइल और दस्तावेज फेंकने का आरोप लगाया है। सचिव ने मामले की शिकायत परासिया थाने में की है। शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सचिव का आरोप है कि युवक आए दिन पंचायत कार्यालय पहुंचकर शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है और ग्रामीणों को सरपंच-सचिव के खिलाफ भड़काता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

ग्राम पंचायत खिरसाडोह में बुधवार को पंचायत सचिव कक्ष में सचिव और स्थानीय युवक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। सचिव विजय सिंधिया ने स्थानीय युवक पर गाली-गलौज करने पेमेंट के लिए दबाव बनाने तथा टेबल पर रखी शासकीय फाइल एवं दस्तावेज फेंकने का आरोप लगाते हुए परासिया थाने में शिकायत की है।

सचिव विजय सिंधिया के अनुसार बुधवार को वह पंचायत कार्यालय में बैठकर शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान खिरसाडोह निवासी एक युवक पंचायत कार्यालय पहुंचा और पेमेंट करने के लिए दबाव बनाने लगा।





सचिव का कहना है कि उन्होंने युवक से कहा कि उसका लेन-देन सरपंच से संबंधित है इसलिए वह सरपंच से ही इस संबंध में बात करे। पंचायत स्तर से उसका पेमेंट करना संभव नहीं है।

सचिव के मुताबिक इस बात को लेकर युवक ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और टेबल पर रखी फाइल एवं शासकीय दस्तावेज फेंक दिए। इससे पंचायत के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ और दस्तावेज अस्त-व्यस्त हो गए। घटना के बाद सचिव ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया।

सचिव ने शिकायत में आरोप लगाया है कि संबंधित युवक आए दिन पंचायत कार्यालय पहुंचकर शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करता है। इसके अलावा ग्रामीणों को एकत्रित कर सरपंच एवं सचिव के खिलाफ भड़काने जैसी गतिविधियां किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

6 साल बाद भी पुलिया अधूरी, जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति!

खापा खुर्द की मनरेगा पुलिया में तकनीकी खामियों का मामला, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की थी शिकायत, ईई को सौंपी जांच, मौके के निरीक्षण तक सीमित रहने के आरोप, अब शिकायत लोकायुक्त से

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया, बाबा ठाकुर

देलाखारी सेक्टर की ग्राम पंचायत खापा खुर्द में मनरेगा से निर्मित पुलिया को लेकर ग्रामीणों की शिकायत और प्रशासनिक जांच अब सवालों के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों ने छिंदी में आयोजित कलेक्टर के शिविर में पुलिया के निर्माण में अनियमितता और गुणवत्ता को लेकर शिकायत की थी। शिकायत के बाद मामले की जांच ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के कार्यपालन यंत्री को सौंपी गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के नाम पर महज औपचारिकता पूरी की गई। जांच अधिकारी मौके पर पुलिया का निरीक्षण कर लौट गए, जबकि पुलिया के निर्माण से जुड़े एस्टीमेट और माप पुस्तिका के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जाना था। ग्रामीणों का कहना है कि इन महत्वपूर्ण दस्तावेजों के बिना जांच कितनी प्रभावी हुई, यह सवाल अब भी बना हुआ है। परेशान ग्रामीण अब वकील के माध्यम से लोकायुक्त में शिकायत करने की तैयारी में है। अधिकारियों के विरूद्ध अब लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की कार्यवाही ही कुछ कर पाएगी क्योंकि कलेक्टर के आदेश को तो अधिकारी मानते ही नहीं।

पुलिया देखकर लौटे, दस्तावेजों से नहीं किया मिलान

ग्रामीणों का आरोप है कि आरईएस के कार्यपालन यंत्री को जांच की जिम्मेदारी मिलने के बावजूद मौके पर केवल पुलिया का निरीक्षण किया गया। न तो निर्माण से संबंधित दस्तावेजों का मौके पर मिलान किया गया और न ही माप पुस्तिका के आधार पर भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया स्पष्ट दिखाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब शिकायत ही निर्माण की गुणवत्ता और कार्य में संभावित अनियमितताओं को लेकर है तो केवल पुलिया देखकर लौट जाना पर्याप्त जांच नहीं माना जा सकता।ग्रामीणों के अनुसार जांच पूरी होने से पहले उपयंत्री को पुलिया में स्लैब डालने की अनुमति दिए जाने की बात भी सामने आई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं।





माप पुस्तिका पंचायत में नहीं, फिर कहां है?

ग्रामीणों के अनुसार पुलिया के निर्माण की जांच में सबसे बड़ा सवाल माप पुस्तिका को लेकर खड़ा हो रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा कथित तौर पर यह बताया गया है कि पंचायत कार्यालय में पुलिया की माप पुस्तिका उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि निर्माण कार्य की माप पुस्तिका आखिर किसके पास है और उसमें दर्ज माप के आधार पर पुलिया का भौतिक सत्यापन किस तरह किया गया?ग्रामीणों का कहना है कि जांच अधिकारी को पुलिया के निर्माण का एस्टीमेट, माप पुस्तिका तथा अन्य तकनीकी दस्तावेजों के आधार पर मौके पर किए गए निर्माण का मिलान करना चाहिए था। इसके बाद ही निर्माण की गुणवत्ता और कार्य की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी। आरोप है कि इन दस्तावेजों के बिना ही मौके का निरीक्षण कर जांच की औपचारिकता पूरी कर दी गई।

आज भी नहीं बना अप्रान, पाइप के नीचे से बह रहा पानी

पुलिया की मौजूदा स्थिति को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण के करीब छह वर्ष बाद भी पुलिया में अप्रान का निर्माण नहीं कराया गया है। पुलिया के पाइपों के नीचे बोल्डर भरे दिखाई दे रहे हैं और इनके नीचे से पानी का बहाव भी नजर आता है। ग्रामीणों के मुताबिक पानी के लगातार बहाव के कारण पुलिया के आसपास की संरचना प्रभावित हो रही है।हरिभूमि रिपोर्टर द्वारा मौके का मुआयना किए जाने के दौरान भी पुलिया में तकनीकी खामियां दिखाई देने की बात सामने आई। पुलिया के विभिन्न हिस्सों में क्रैक नजर आने की बात ग्रामीणों ने कही। वहीं पाइप के नीचे कंक्रीट में भरे गए बोल्डर भी दिखाई देने की बात सामने आई है। ग्रामीणों का दावा है कि खबर के बाद कुछ बोल्डर निकाले गए, लेकिन निकाले गए बोल्डर आज भी मौके पर पड़े हैं।

एसडीओ की जांच पर भी उठे सवाल

मामले में एक और पहलू जांच की प्रक्रिया को लेकर सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार जब शिकायत की जांच आरईएस के कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी को सौंपी गई थी, तो बाद में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ द्वारा भी पुलिया का निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि जांच किस अधिकारी को और किस आदेश के तहत सौंपी गई, यह स्पष्ट होना चाहिए।बताया गया कि एसडीओ ने भी पुलिया का निरीक्षण कर उसमें क्रैक होने की बात कही है। यदि पुलिया में क्रैक पाए गए हैं तो उसकी तकनीकी वजह, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, डिजाइन के अनुरूप निर्माण और अप्रान नहीं बनाए जाने जैसे बिंदुओं की भी जांच किए जाने की आवश्यकता है।

जांच अधिकारी के पास लिखित आदेश नहीं?

ग्रामीणों ने जांच प्रक्रिया में एक और गंभीर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि जांच अधिकारी के पास विभागीय स्तर से कोई स्पष्ट लिखित पत्र उपलब्ध नहीं है और आदेश-निर्देश व्हाट्सएप के माध्यम से दिए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में जांच प्रतिवेदन किस लिखित आदेश के आधार पर तैयार किया जाएगा, इसे लेकर भी ग्रामीणों में सवाल हैं।इधर जनपद पंचायत स्तर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी और अतिरिक्त मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी भी जांच संबंधी किसी लिखित पत्र की जानकारी से अनजान बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब शिकायत कलेक्टर के समक्ष की गई और जांच के निर्देश दिए गए, तो संबंधित जनपद अधिकारियों के पास जांच से संबंधित पत्र या आदेश की जानकारी क्यों नहीं है?

जांच के बीच स्लैब डालने की अनुमति से बढ़ा विवाद

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया की गुणवत्ता को लेकर शिकायत और जांच के बीच ही स्लैब डालने की अनुमति दिया जाना पूरे मामले को और संदिग्ध बनाता है। उनका कहना है कि पहले से निर्मित पुलिया की स्थिति, पाइप के नीचे का हिस्सा, बोल्डर, अप्रान और क्रैक जैसे बिंदुओं की तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही आगे का कार्य कराया जाना चाहिए था।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि पुलिया में तकनीकी खामी है तो उसके ऊपर नया कार्य कराने से मूल निर्माण से जुड़े सवाल दब सकते हैं। इसलिए जांच एजेंसी को पहले निर्माण की वास्तविक स्थिति का दस्तावेजों और मौके की स्थिति से मिलान करना चाहिए।

कलेक्टर की शिकायत, फिर भी कार्रवाई का इंतजार

ग्रामीणों ने कलेक्टर के छिंदी शिविर में शिकायत कर जांच की मांग की थी। शिकायत के बाद जांच सौंपे जाने से उन्हें उम्मीद थी कि पुलिया के निर्माण से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच होगी और मौके पर तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अब तक जांच प्रक्रिया स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है।ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिया के निर्माण का मूल एस्टीमेट, तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका, भुगतान से संबंधित अभिलेख, कार्य की फोटो, भौतिक सत्यापन और अब तक किए गए कार्य का स्वतंत्र तकनीकी परीक्षण कराया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि माप पुस्तिका वर्तमान में किस अधिकारी या विभाग के पास है।

कांग्रेस ने वोट चुराने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त का मुखौटा पहनाकर लगाई हथकड़ी

शहर के मुख्य मार्गों से निकाला जुलूस, कलेक्ट्रेट के सामने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट के लिए गूंज किया। जनता के मतों की चोरी करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त का मुखौटा पहनाकर व्यक्ति के हाथों में हथकड़ी लगाई। आरोपी की तरह उसका शहर में जुलूस निकाला। राजीव भवन, जिला अस्पताल, सिटी कोतवाली, महात्मा गांधी चौक, गर्ल्स कॉलेज, इंदिरा तिराहा से होते हुए अम्बेड़कर चौराहा से कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भाजपा सरकार और चुनाव आयुक्त के खिलाफ वोट चोरी और वोटर चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का पुतला फूंका।

जिला कलेक्ट्रेट गेट पर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों पर पुलिस और प्रशासन ने वाटर केनन से बल प्रयोग किया, किन्तु कांग्रेस के पदाधिकारी ना ही डरे ना ही डिगे और पूरी ताकत के साथ वोट चोरी की खिलाफत करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर कानूनी कार्रवाई की मांग के लिए अड़े रहे। आयोजित प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि वोट की चोरी से भाजपा प्रदेश और जिले में काबिज हुई है। छिन्दवाड़ा इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। जनता के साथ ही सभी सर्वे यह बता रहे थे कि छिन्दवाड़ा संसदीय सीट कांग्रेस ही जीतेगी, लेकिन स्ट्रांग रूम पीजी कॉलेज जहां ईवीएम रखी थी, वहां घंटों तक बिजली का बंद रहना और तात्कालीन कलेक्टर की वजह से छिन्दवाड़ा संसदीय सीट पर सरकारी सांसद बैठा है। आज भी जनता कह रही कि उन्होंने अपना वोट माननीय नकुलनाथ जी को दिया था। ऐसे गम्भीर सवाल है जो वोट की चोरी को उजागर करते हैं।

कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम प्रस्तुत ज्ञापन में कहा कि विश्व का सबसे विश्वसनीय और सबसे बड़ा निर्वाचन आयोग भारत का था, किन्तु भारत निर्वाचन आयोग के भीतर जारी गोलमाल के चलते मतदाताओं के वोटों की चोरी पुष्ट हो चुकी है, जिससे निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है।

कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की



-चौदह आपत्तियों का विषय, आधार, रिकॉर्ड और अंतिम निर्णय अविलम्ब सार्वजनिक किया जाए। ताकि मतदाताओं को भी यह जानकारी हो कि किस तरह चुनाव आयोग भाजपा सरकार के इशारों पर काम कर रहा था। एसआईआर का विधानसभा एवं बूथवार डेटा तथा नाम हटाने व जोड़ने के कारणों को जारी किया जावे। वास्तविक मतदाताओं को आपत्ति, अपील और पात्र होने पर नाम पुनः जुड़वाने का अवसर प्रदान किया जाए। गंभीर अनियमितताओं के आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और दोष सिद्ध होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। निर्वाचन आयोग अपनी निर्णय प्रक्रिया और कार्यप्रणाली पर दस्तावेजों के साथ सार्वजनिक स्पष्टीकरण दे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का तत्काल इस्तीफा लिया जाए। कांग्रेस के आयोजित प्रदर्शन में जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, जिला महिला कांग्रेस, जिला युवक कांग्रेस, जिला किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, ब्लॉक कांग्रेस, ग्रामीण कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ, कांग्रेस एसटी प्रकोष्ठ, कांग्रेस अल्पसंख्यक, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, कांग्रेस धार्मिक प्रकोष्ठ, कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ, अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी व जिलेभर से आए कांग्रेस के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व बड़ी संख्या में आमजन वोट चोरी के खिलाफ हुए इस विशाल प्रदर्शन में शामिल हुए।

आयुक्त के एकतरफा निर्णयों पर दर्ज की गई आपत्ति



विगत 10 माह में दो निर्वाचन आयुक्त श्री सुखबीर सिंह संधू एवं श्री विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णयों पर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्ति दर्ज की गई। इन आपत्तियों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि सीईसी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**) प्रक्रिया जिसमें अनाधिकृत रूप से नए मतदाताओं को जोड़ना, नामों को हटाना तथा निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली को दिल्ली में केन्द्रीकृत करना शामिल है। एसआईआर की प्रक्रिया से दोनों निर्वाचन आयुक्तों को अंधेरे में रखा जा रहा था। कांग्रेस लगातार वोट चोरी पर संज्ञान लेने का आग्रह कर रही थी। किन्तु निर्वाचन आयोग और भाजपा पार्टी के गठजोड़ के चलते कांग्रेस की सुनवाई नहीं हुई। वर्तमान में दोनों निर्वाचन आयुक्तों की आपत्तियों ने यह पुष्ट कर दिया है कि भाजपा वोट की चोरी से सत्ता में सतत रूप से काबिज हो रही और वोट की चोरी में निर्वाचन आयोग मदद कर रहा है। अतः कांग्रेस इस ज्ञापन के माध्यम से आग्रह करती है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का तत्काल इस्तीफा लिया जाए ताकि आगामी चुनाव पूर्ण निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हो सके।

पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: सांसद

दिशा समिति की बैठक में जल संकट से निपटने कार्ययोजना बनाने सांसद ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अपने संसदीय क्षेत्र में आमजन को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू सतत रूप से प्रयत्नशील है। उनकी संवेदनशीलता और भविष्य को लेकर उनकी चिंता का उदाहरण दिशा समिति की बैठक में प्रयत्क्ष देखने को मिला।

अल्प वर्षा से ग्रसित होकर सूखे की कगार पर खड़े छिंदवाड़ा जिले में आगामी गर्मियों के सीजन में जल संकट पर चिंता जताते हुए इसके निवारण के लिए दिशा समिति की बैठक में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर गहन विचार विमर्श कर आगामी कार्ययोजना तैयार की। सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में आगामी गर्मियों के सीजन में पेयजल संकट से निपटने के लिए विस्तृत एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर बल दिया।



उन्होंने जिले के बांध, तालाब और अन्य जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और कहा कि आमजन को प्राथमिकता से पेयजल मुहैया कराना होगा। पेयजल प्रदाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई रखरखाव और मेंटेनेंस को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जांच के बाद कलेक्टर को भेजी गई रिपोर्ट

क्षेत्र में गैस वितरण में धांधली पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

क्षेत्र में नाहर एलाइट गैस एजेंसी (छिंदवाड़ा से संबद्ध) द्वारा एलपीजी उपभोक्ताओं को की जा रही गैस सिलेंडर आपूर्ति में लगातार मिल रही अनियमितताओं की शिकायतों पर सौसर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्रवासियों द्वारा सिलेंडर वितरण में अनावश्यक विलंब, होम डिलीवरी न मिलने और तय दर से अधिक पैसे वसूलने की शिकायतें लगातार दर्ज कराई जा रही थीं।मामले की गंभीरता को देखते हुए 23 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सौंसर के निर्देशों पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने संबंधित स्थलों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दर्जनों एलपीजी उपभोक्ताओं से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए और मौके पर ही पंचनामा तैयार किया। जांच के दौरान उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें गैस पाने के लिए दूर-दराज के स्थानों पर भटकना पड़ता है, समय पर डिलीवरी नहीं मिलती और एजेंसी द्वारा निर्धारित राशि से अधिक रुपए वसूले जा रहे हैं।मौका निरीक्षण, उपभोक्ताओं के दर्ज बयानों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर प्रशासन ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आगामी कड़ी कार्रवाई हेतु अंतिम रिपोर्ट कलेक्टर, छिंदवाड़ा के समक्ष प्रेषित कर दी गई है।



औद्योगिक क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही है गैस की कालाबाजारी

एक तरफ जहाँ घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर सौंसर के औद्योगिक क्षेत्रों बोरगांव, खेरीतायगांव और पारडसिंगा में एलपीजी सिलेंडरों की अवैध डिलीवरी और कालाबाजारी का खेल खुलेआम चल रहा है।सिलेंडर ट्रांसफर के नाम पर यहां पर भी सैकड़ो उपभोक्ता गैस के लिए आए दिन परेशान हो रहे हैं गैस नहीं मिलने पर लोगों के द्वारा ब्लैक में गैस की खरीदी की जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित होटलों व ढाबों पर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक की जगह सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर लाकर यहाँ के होटलो ओर कंपनियों में खपाए जा रहे हैं। पारडसिंगा क्षेत्र में घर-पहुंच सेवा के नाम पर डिलीवरी बॉय उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसों की उगाही कर रहे हैं। हद तो तब हो जाती है जब उपभोक्ता खुद एजेंसी के गोदाम पर जाकर सिलेंडर लेते हैं, तब भी उनसे होम-डिलीवरी का पूरा रेट वसूला जाता है।

खाद्य विभाग करे होटलों की जांच कार्यवाही

क्षेत्रीय नागरिकों और उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जिस तरह नाहर एलाइट एजेंसी पर कार्रवाई की गई है, उसी तरह खाद्य विभाग और प्रशासनिक टीम को बोरगांव, खेरीतायगांव और पारडसिंगा के औद्योगिक क्षेत्रों कंपनियों,होटलों पर भी तुरंत छापेमारी करनी चाहिए, ताकि घरेलू गैस की कालाबाजारी और अवैध आवक पर पूरी तरह लगाम लग सके।

पांढुर्णा को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



स्थानीय छत्रपति शिवाजी चौक पर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया।

इसके पश्चात कांग्रेसजनों ने विशाल रैली निकाली, जो शहर के बस स्टैंड और स्टेशन रोड से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। वहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अलका एक्का को सौंपा गया।

ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त पर भाजपा के पक्ष में एकतरफा निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए उनसे तत्काल इस्तीफा लेने तथा उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई है।-

13 करोड़ वोट अवैध रूप से काटने का आरोप :- प्रदर्शन के दौरान विधायक निलेश उईके ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सत्तारूढ़ दल के इशारे पर देशभर में लगभग 13 करोड़ वोट अवैध रूप से काट दिए हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

ज्ञापन में कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त की साठगांठ से भाजपा पर वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाया।

इस विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक निलेश उईके, विधायक विजय चौरे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उईके, ब्लॉक अध्यक्ष विलास डोंगरे, वरिष्ठ नेता विजय चौधरी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा जोगी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे और नगर पालिका उपाध्यक्ष ताहीर पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फसलें हुई क्षतिग्रस्त, किसान कर्जमाफी व मुआवजे की मांग

राजनीतिक मुद्दों के साथ-साथ कांग्रेस ने स्थानीय जनसमस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पांढुर्णा जिले में इस वर्ष बारिश की भारी कमी के कारण फसलें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार से मांग की कि पांढुर्णा जिले को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित किया जाए, किसानों का तमाम कर्ज माफ किया जाए और उन्हें फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बनेः डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

महाविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण का समापन समारोह बिछुआ।शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अल्पावधि स्वरोजगारन्मुखी फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण का समापन किया गया प्राचार्य डॉ.आर.पी. यादव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित एक माह का फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा तिवारी तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. फरहत मंसूरी के द्वारा किया गया ।प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से छात्र-छात्राएँ हुनरमंद बनते हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

डॉ.पूजा तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थी स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। कुमारी प्रीति पहाड़ी छिंदवाड़ा प्रशिक्षक के तौर पर उपस्थित रही जिन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।समापन अवसर पर छात्राओं द्वारा तैयार किए गए परिधानों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ज्वेलरी मेकिंग एवं ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया तथा प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फिजा शेख,द्वितीय स्थान आकांक्षा साहू तथा तृतीय स्थान नेहा इनवाती ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में डॉ.पूजा तिवारी,श्रीमती संध्या मालवीय एवं श्रीमती आयशा कुरैशी शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फरहत मंसूरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ.मनीषा आमटे द्वारा किया गया।

चरनोई भूमि खसरा क्रमांक 284 खजरी से अतिक्रमण हटाने की मांग ज्ञापन



छिंदवाड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता भगवान दिन साहू ने माननीय मुख्यमंत्री ,मुख्य सचिव मप्र और नगरीय प्रशासन मंत्रालय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर खजरी की चरनोई भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने की माग की ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार पशु सवर्धन पर सराहनीय कार्य कर रही है । गो रक्षा के लिए बड़ी बड़ी गोशालाओं का निर्माण कर उन्हें अनुदान भी दिया जा रहा है । पूरे राज्य में यह सेवा कार्य अनवरत जारी है । सरकार इसके लिए साधुवाद की पात्र है । गायों की रक्षा हेतु सरकार ने ग्रामो में कुछ जमीन आबंटित कर रखी है जिसे चरनोई भूमि कहा जाता हैं । इस भूमि पर कृषक या पशुपालक अपनी अपनी गायो को घुमा फिराकर ले आता हैं । जहां गायो को घास चरने का और घूमने का अवसर मिल जाता हैं । जो पशु के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक भी है ।अतिक्रमण निर्माण के कारण पशु सड़क पर नजर आते है जिससे हर समय वाहन दुर्घटना का डर बना रहता है । आसपास के रहवासियों की यह बड़ी समस्या है । खजरी ग्राम (जामुंझिरी) में राजस्व रिकार्ड अनुसार खसरा न 284 जो लगभग 5 एकड़ भूमि है। जो चरनोई भूमि के नाम पर दर्ज है । इस भूमि पर भूमाफियाओ की नजर है । इस भूमि पर पक्के मकान बना कर क्रय किये जा रहे है । इस चरनोई भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने की कृपा करें । छेत्र के हजारों पशुओ पर दया होगी ।

शिक्षक विजय का विदाई समारोह



सौंसर। शिक्षा रूपी मंदिर में अपने जीवन के 42 वर्ष बच्चों का भविष्य संवारने में समर्पित करने वाले शासकीय माध्यमिक शाला हिवरा खंडेरायवार के सहायक शिक्षक श्री विजय बोबडे अपनी बेदाग और लंबी शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर विद्यालय परिवार और स्थानीय ग्रामीणों ने एक भव्य एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।अतिथियों ने शाल-श्रीफल से किया सम्मानितकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती सुवर्णा धुर्वे, पंच उज्वल आसुटकर, ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम बोबडे, महेश बोबडे तथा शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष सोमेश्वर धुर्वे एवं सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने सत्कार मूर्ति श्री विजय बोबडे को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंटकर उनकी सेवाओं का अभिनंदन किया। वक्ताओं ने उनके 42 वर्षों के लंबे और प्रेरणादायी कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा की।अपने संबोधन में भावुक हुए शिक्षक बोबडेविदाई वक्तव्य के दौरान श्री विजय बोबडे अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने कहा, ₹एक शिक्षक के जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य यही होता है कि वह अपने जीवन का स्वर्णिम काल देश के कर्णधार बच्चों को गढ़ने में समर्पित कर सके।

आत्मानंद महाराज ने किया एसडीएम को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



नगर के छोटी बाजार स्थित दिगंबर तारण तरण जैन चैत्यालय जी में इन दिनों धार्मिक आयोजन एवं प्रवचनों का दौर जारी है। इसी क्रम में एसडीएम प्रभात मिश्रा अपने मित्र देवेंद्र जैन, बुरहानपुर के साथ महाराज श्री आत्मानंद जी के दर्शन एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे। दोनों ने महाराज श्री से श्रद्धा एवं आत्मीयता के साथ भेंट की।इस पावन अवसर पर आत्मानंद जी महाराज का सानिध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है। महाराज श्री के मुखारविंद से प्रवाहित हो रहे ज्ञानवर्धक प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालु धर्म, संयम, तपस्या, त्याग, क्षमा एवं आत्मशुद्धि का संदेश ग्रहण कर रहे हैं।महाराज श्री ने सम्मान स्वरूप एसडीएम प्रभात मिश्रा एवं देवेंद्र जैन को श्रीफल एवं वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को आत्मशुद्धि एवं संयम के मार्ग पर चलने तथा त्याग और क्षमा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।धार्मिक आयोजनों के चलते प्रतिदिन सुबह से ही चैत्यालय जी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं रात्रि में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चर्चाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे हैं। इससे नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु धर्म आराधना, तपस्या और क्षमा के मार्ग पर चलते हुए आत्मकल्याण की भावना के साथ प्रवचन चल रहे हैं। इस बीच उपस्थित रहे पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, तारण तरण जैन समाज अध्यक्ष संजय सुकांत जैन, दिलीप जैन शैलू जैन अन्य सामाजिक बंधु आदि मौजूद रहे।

बच्चों को बांटे उपहार बुजुर्ग महिलाओं का किया शॉल से सम्मान



जुन्नारदेव। मंगलवार दिनांक 29 सितंबर को वार्ड क्रमांक 09 की आंगनवाड़ी में स्वच्छता सेवा संकल्प आंगन मिलन अभियान के अंतर्गत जनहित और सामाजिकता का एक सुंदर उदाहरण देखने को मिला। वार्ड पार्षद अमित कुमार यादव द्वारा उनके निजी प्रयासों से वार्ड के छोटे बच्चों को उनकी शिक्षा और खेलकूद में प्रोत्साहन देने के लिए उपहार वितरण किए गए। अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन, मनोनीत पार्षद रंजीता डेहरिया, बूथ अध्यक्ष अमित जैन की उपस्थित में बच्चों को उपहार वितरित किए गए जिससे के चेहरे खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ने वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं का शॉल से स्वागत किया और कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद हमारे हर कार्य की सफलता का आधार है और बच्चों को प्रोत्साहित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने पार्षद महोदय के इस संवेदनशील और जन कल्याणकारी कदम की जमकर सराहना की।

शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा' के अंतर्गत 'हिंदी पखवाड़ा' का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर। **दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय, किरनापुर में राजभाषा हिंदी दिवस के सुअवसर पर दिनांक 14 सितंबर 2026 से 28 सितंबर 2026 तक 'हिंदी पखवाड़ा' का भव्य आयोजन किया गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम 'भारतीय ज्ञान परंपरा' के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. पल्लवी रिनाहिते के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।**

हिंदी पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी भाषा के वैश्विक एवं सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और भाषाई ज्ञान की परख हेतु 'निबंध प्रतियोगिता' एवं 'प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी साहित्य से जुड़े विषयों पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. डालेश कुमार विजयवार द्वारा किया गया। हिंदी के मानकीकरण और शुद्ध वर्तनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिए 'शुद्ध लेखन एवं श्रुतलेखन' (Dictation) प्रतियोगिता आयोजित की गई। दो सप्ताह तक चले इस हिंदी पखवाड़े का औपचारिक समापन 28 सितंबर 2026 को हुआ। समापन अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. सुनीता जैन ने कहा कि हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और ज्ञान परंपरा का संवाहक है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन तथा शोध कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिक से अधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. पल्लवी रिनाहिते ने अपने वक्तव्य में भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी भाषा के अंतर्संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमारी पारंपरिक ज्ञान-राशियों को जन-जन तक पहुँचाने में हिंदी भाषा सेतु का कार्य करती है।

जगह-जगह बैठी सड़क, दरकी सेफ्टी वॉल ने खोली निर्माण गुणवत्ता की पोल

6 माह में ही धंसने लगा अगासी आरओबी!



हरिभूमि न्यूज कटंगी। कटंगी-बालाघाट मुख्य मार्ग पर ग्राम अगासी में कई लाखों रुपए की लागत से तैयार किया गया रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) महज छह महीने में ही सवालों के घेरे में आ गया है। आम जनता के लिए शुरू हुए अभी ज्यादा समय भी नहीं बीता और ब्रिज की सड़क कई स्थानों पर नीचे बैठ गई है। कहीं सड़क में धंसाव है तो कहीं सेफ्टी वॉल दरककर अपनी जगह से खिसक गई है। हालात यह हैं कि जिस आरओबी को सुगम और सुरक्षित आवागमन की गारंटी माना गया था, वही अब वाहन चालकों के लिए जोखिम बनता दिखाई दे रहा है। आरओबी की सड़क का जगह-जगह धंसना सामान्य टूट-फूट का मामला नहीं माना जा सकता। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क पर उभर आए धंसाव के कारण वाहन चलते समय असंतुलित होते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति गंभीर खतरा पैदा कर रही है। रात के समय या तेज रफ्तार में इन स्थानों पर दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस निर्माण को लंबे समय तक भारी यातायात और मौसम की मार झेलनी थी, वह छह महीने में ही बैठने क्यों लगा?

गांव के युवा अवलेश पारधी के अनुसार, निर्माण कार्य की निगरानी से जुड़े व्यक्ति से जब सड़क के धंसने को लेकर सवाल किया गया तो जवाब दिया गया कि अभी डामर की पहली कोटिंग हुई है और दूसरी-तीसरी कोटिंग के बाद समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन यही जवाब अब एक बड़ा सवाल खड़ा करता है अगर पहली कोटिंग के बाद ही सड़क कई जगह बैठ गई तो निर्माण के नीचे की लेयर और बेस की गुणवत्ता की जांच कौन करेगा? और इससे भी अहम सवाल-दरकी और अपनी जगह से खिसकी सेफ्टी वॉल को कौन-सी डामर कोटिंग ठीक करेगी? आरओबी के दोनों ओर वाहनों की सुरक्षा के लिए बनाई गई सेफ्टी वॉल कई स्थानों पर दरकी हुई है। कुछ हिस्सों के अपनी निर्धारित स्थिति से हट गई है। यह महज सौंदर्य या सामान्य मरम्मत का विषय नहीं है। ब्रिज पर सुरक्षा संरचना का उद्देश्य ही वाहन को किनारे से नीचे जाने से रोकना है। ऐसे में सड़क का धंसना और सुरक्षा दीवारों का दरकना एक साथ सामने आना निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कॉम्पैक्शन की जांच हुई थी या सिर्फ कागजों में: तकनीकी तौर पर सड़क निर्माण में मिट्टी और नीचे की परतों का पर्याप्त कॉम्पैक्शन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि भराव सामग्री को निर्धारित मानकों के अनुसार दबाया और स्थिर नहीं किया गया हो तो ऊपर सड़क बनने के बाद बैठने की समस्या सामने आती है। ऐसे में अब जांच का विषय यह होना चाहिए कि आरओबी के एप्रोच रोड और अन्य हिस्सों में किए गए भराव का कॉम्पैक्शन किस मानक के अनुसार किया गया? उसकी टेस्ट रिपोर्ट क्या है? निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच कब और किस स्तर पर हुई?

भ्रष्टाचार के आरोप से पहले हो निष्पक्ष तकनीकी जांच: स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि सरकारी धन से बने महत्वपूर्ण निर्माण में इतनी जल्दी खामियां सामने आ रही हैं। हालांकि भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं, यह जांच के बिना कहना उचित नहीं होगा, लेकिन परिस्थितियां इतनी गंभीर जरूर हैं कि स्वतंत्र तकनीकी जांच जरूरी दिखाई देती है। जांच में निर्माण एजेंसी गति शक्ति कंस्ट्रक्शन, संबंधित विभागीय अधिकारियों की निगरानी, निर्माण सामग्री, कॉम्पैक्शन, सड़क की बेस लेयर, डामरीकरण और सेफ्टी वॉल की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि दूसरी-तीसरी कोटिंग का काम आगे बढ़ाने से पहले मौजूदा धंसाव के कारण की तकनीकी जांच हो। वरना ऊपर नई परतें चढ़ती रहेंगी और कुछ समय बाद वही समस्या फिर सामने आने का खतरा रहेगा।

दो गांवों से आधी रात छह मवेशी चोरी, नागपुर तक पहुंचा मामला

पिकअप में भरकर बापड़ी और हल्बीटोला से ले जाए गए छह मवेशी, नागपुर के कलमना बाजार में मिले; मालिक खुद नागपुर पहुंचकर वापस लाए अपने जानवर, पिकअप चालक ग्रामीणों के हाथ लगा, अंतरराज्यीय बॉर्डर पर चेकपोस्ट और वाहनों की जांच के बावजूद चोरी के मवेशियों के महाराष्ट्र पहुंचने पर उठे सवाल, पुलिस जांच में सामने आएंगे कई अहम पहलू।

हरिभूमि न्यूज लांजी।





लांजी थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। 28 सितंबर 2026 की मध्यरात्रि ग्राम बापड़ी और हल्बीटोला से छह मवेशियों को पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद पशु मालिकों ने 29 सितंबर को लांजी थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत के बाद जब पशु मालिकों को सूचना मिली कि उनके मवेशी महाराष्ट्र के नागपुर स्थित कलमना बाजार में पहुंच गए हैं, तो वे स्वयं वाहन से नागपुर रवाना हुए और अपने मवेशियों को वापस लेकर गांव लौटे।इस पूरी घटना ने न केवल मवेशी चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि अंतरराज्यीय सीमा पर बनाए गए चेकपोस्ट और वहां वाहनों की जांच व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि मध्यरात्रि में चोरी किए गए छह मवेशियों को पिकअप वाहन में भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाया गया, तो रास्ते में आने वाले चेकपोस्ट पर वाहन की जांच हुई या नहीं, यदि हुई तो मवेशियों के परिवहन से संबंधित जानकारी क्या दर्ज की गई, यह जांच का विषय बन गया है।

जानकारी के अनुसार 28 सितंबर की मध्यरात्रि कुछ लोगों द्वारा पिकअप वाहन के माध्यम से ग्राम बापड़ी और ग्राम हल्बीटोला से मवेशियों को ले जाने की बात सामने आई। सुबह जब पशु मालिकों को अपने मवेशी नहीं मिले तो उन्होंने आसपास तलाश की।मवेशियों की तलाश के बाद बापड़ी निवासी कमलचंद पिता जयलाल बनोथे, हल्बीटोला निवासी रूपचंद राऊत और जितेंद्र खोबरागड़े 29 सितंबर को लांजी थाना पहुंचे और घटना की शिकायत की।बताया गया कि तीनों पशु मालिकों के कुल छह मवेशी गायब थे।

थाने में शिकायत करने के बाद जब पशु मालिक अपने घर पहुंचे, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उनके मवेशी नागपुर के कलमना बाजार में बिक्री के लिए लाए गए हैं।सूचना मिलते ही पशु मालिकों ने लांजी पुलिस को इसकी जानकारी दी और स्वयं अपने वाहन से नागपुर के लिए रवाना हो गए। उन्होंने अपने स्तर पर मवेशियों की तलाश शुरू की।इधर, लांजी पुलिस भी मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके पीछे रवाना हुई और पुलिस टीम गोंदिया तक पहुंची।

विधायक विवेक पटेल ने ग्राम पंचायत नरोड़ी में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

धरातल पर आदिवासी और किसानों को नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ-विवेक पटेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा जनहित और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगातार भूमिपूजन और लोकार्पण किए जा रहे है। विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवागमन, पानी और स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर बनाना है। स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से आ रही माँगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा जा रहा है। इसी कड़ी में विधायक विवेक पटेल ने ग्राम पंचायत नरोड़ी में लगभग 30 लाखों रुपयों की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करने के साथ पूर्व में पूर्ण किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा कि सरपंच ने इस गांव के विकास के लिए अपनी कला का उपयोग किया है और गांव को चमका दिया है। अपनी कला कौशल से गांव में बहुत से विकास कार्य किए है। इस गांव की जनता ने एक अच्छा सेवक चुना है। अब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस समय प्रदेश का हाल क्या है? किसी से छुपाया नहीं जा सकता है। बालाघाट जिले में बीमारी से हमारे आदिवासी बच्चों की मौत हो गई। मगर किसी की भी जिम्मेदारी तय नहीं हुई। आज भी उस गांव की जनता दूषित पानी पीने मजबूर है। इस सरकार ने किसानों की खाद, बीज को महंगा कर दिया। चुनाव के समय हमारी माता, बहनों को तीन हजार रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गई थी। मगर आज अपने दिए गए वादों को पूरा करना भूल गई। क्षेत्र की जनता ने एक अच्छे विधायक का चयन किया है। गांव की जनता इनसे जो भी काम मांगती है। उन्हें निराश नहीं करते है। उनके कहने पर गांव में हर विकास कार्य करवाते है।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि जनता के दिए गए आशीर्वाद से विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहकर आम नागरिकों की समस्यायो के त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम में लंबे समय से सुविधाओं मांग थी। जिसको देखते हुए ग्रामीण जनों की मांग को पूरा करते हुए सौगात दी गई है। किसानों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मगर धरातल पर किसी भी किसान को लाभ नहीं मिल रहा है। आदिवासियों के साथ सरकार अत्याचार कर रही है। हर घर नल, हर घर जल की योजना सिर्फ कागजों में सीमित है। आज भी कई ग्रामों में स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है। नल जल योजना पूरी तरफ फेल हो चुकी है। गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। जब कांग्रेस की सरकार थी। तब सभी काम पंचायतों में होते है। अब भाजपा की सरकार है। अपने काम करवाने तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है। मेरे विधानसभा क्षेत्र के हर ग्राम में विकास कार्य कराए जायेंगे। चाहे किसी भी पार्टी का सरपंच हो। किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। मेरे क्षेत्र की जनता मेरे लिए एक समान है।

खबर संक्षेप

डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। स्थानीय डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी में म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेण्डर के अनुसार दिनांक 29 सितम्बर 2026 दिन मंगलवार को सुबह 09 बजे से जिला स्तरीय शतरंज (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लखनादौन, बरघाट, घंसौर, केवलारी, कुरई, एवं सिवनी महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुये। डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय की छात्रा नविका डहेरिया (महिला दल) एवं शिवांश गुप्ता (पुरूष दल) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला दल से नेहा अवधिया शास. महाविद्यालय छपारा, रूद्र मिश्रा शासकीय स्नताकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, नीलू बघेल शासकीय स्नताकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, शीतल चौरसिया एवं रहिला खान डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी एवं पुरूष दल से कौशिक वरदिया शास. विधि महाविद्यालय सिवनी, प्रीतम सिंह डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी, दानिश खान शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, तनय अहिरवार शास. महाविद्यालय लखनादौन, सक्षम पवमें शासकीय स्नताकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया ।

सेवा संकल्प यात्रा के तहत लखनादौन में हुआ 2500 वृक्षों का पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बडनगर (गुजरात) से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा के तीन दिवसीय सिवनी प्रवास के तीसरे दिन मंगलवार को विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान बच्चों से संवाद कर, समस्त व्यक्तियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं यात्रा में शामिल सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश दिया।

अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा के लिए जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की कैलेंडर वर्ष 2026 की द्वितीय त्रैमासिक बैठक कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में 29 सितंबर को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, जिला अभियोजन अधिकारी सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा के साथ 1 अप्रैल से 25 सितंबर 2026 तक दर्ज राहत प्रकरणों में राहत राशि की स्वीकृति एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने राहत के लिए लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार एवं थानावार समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण में लंबित रहने के कारणों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली और अब तक की गई कार्यवाही की स्थिति जानी। उन्होंने र लंबित राहत प्रकरणों का 15 अक्टूबर तक त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खैरा पलारी में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर उग्र आंदोलन की तैयारी, 100 पंचायतों के प्रतिनिधि होंगे एकजुट

हरिभूमि न्यूज । खैरा पलारी (सिवनी)। क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधाओं एवं एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव की बहुप्रतीक्षित जायज मांग को लेकर खेरा पलारी में जनांदोलन का बिगुल बज चुका है। बीते दिनों (29 सितंबर) पलारी स्थित शिव शक्ति लॉन में रेल संघर्ष समिति, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र की उपेक्षा पर भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

विगत 3 वर्षों से दिया जा रहा ज्ञापन, नहीं हुई सुनवाई

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से रेल प्रशासन, महाप्रबंधक , मंडल रेल प्रबंधक , केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्थानीय सांसदों, विधायकों एवं जिला प्रशासन को लगातार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। लगातार



हो रही उपेक्षा के कारण अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे चुका है।

100 ग्राम पंचायतों को एकजुट करने की रणनीति

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस आंदोलन को ऐतिहासिक और व्यापक रूप देने के लिए आसपास की लगभग 100 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से सीधा संपर्क साधा जाएगा। अब तक 30 से 35 पंचायतों ने समर्थन पत्र देकर आंदोलन में बढ़-चढकर हिस्सा लेने की सहमति जताई है। 4 अक्टूबर को होगी महा-बैठक, तय होगी रेल रोको की अंतिम रूपरेखा आंदोलन के अगले चरण को लेकर आगामी 04 अक्टूबर 2026 को खेरा पलारी में एक विशाल जन-बैठक बुलाई गई है। इस महा-बैठक में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे, जहाँ रेल रोको आंदोलन के उग्र स्वरूप और प्रशासनिक अधिकारियों को अंतिम चेतावनी सौंपने की रणनीति तय की जाएगी। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जब तक खेरा पलारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होता, तब तक यह जनसंघर्ष थमने वाला नहीं है।

5.93 लाख के मनरेगा घोटाले पर जिला पंचायत सीईओ की मेज पर क्यों दबी है फाइल?

कूटचरित राजीनामा का सच उजागर, 4 अक्टूबर से आर-पार का अनशन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी कैलाश लाहोरी।

सिवनी जनसुनवाई में गूंजा मनरेगा गबन का मुद्दा: सीईओ की खामोशी पर उठे सवाल, पीड़ित की खुली चेतावनी- अधिकारियों की लापरवाही का जवाब 04 अक्टूबर को भूख हड़ताल से मिलेगा

जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में मंगलवार को मनरेगा घोटाले और जिला पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। ग्राम ढुटेरा (पांजरा), तहसील केवलारी निवासी पीड़ित ने कलेक्टर महोदय के समक्ष उपस्थित होकर एक शिकायती आवेदन सौंपा है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत में शासकीय वन भूमि (खसरा क्रमांक 284) पर फर्जी निर्माण दर्शाकर 5,93,965 का वित्तीय गबन किया गया है।

एसडीएम की संयुक्त जांच में सिद्ध हो चुका है भ्रष्टाचार

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी के निर्देशन में गठित संयुक्त जांच टीम (नायब तहसीलदार, आर.आई. एवं हल्का पटवारी) ने 16 दिसंबर 2025 को अपनी आधिकारिक जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में ग्राम पंचायत ढुटेरा के सरपंच कमलेश डहेरिया, तत्कालीन/सेवानिवृत्त सचिव संजय तिवारी एवं ग्राम रोजगार सहायक राजकुमार बिहुरिया द्वारा शासकीय धन का गबन किए जाने की स्पष्ट पुष्टि की गई थी।

जिला पंचायत सीईओ की अनदेखी और फर्जी राजीनामे का खेल

आरोप है कि स्थरू की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार प्रमाणित होने के बावजूद जिला पंचायत सीईओ द्वारा दोषियों पर कोई सख्त दंडात्मक या कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। जिला पंचायत प्रशासन की इसी ढिलाई और संरक्षण का फायदा उठाकर आरोपियों ने 17 फरवरी 2026 को शिकायतकर्ता के फर्जी व कूटचरित हस्ताक्षर बनाकर जिला पंचायत ष्टश्वह्व के समक्ष एक झूठा राजीनामा पत्र पेश कर दिया। हैरानी की बात यह है कि इस कूटचरित दस्तावेज की निष्पक्ष जांच कराने के बजाय फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

शिकायतकर्ता को धमकियां और मानसिक उत्पीडन

शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिला पंचायत स्तर से कार्यवाही न होने के कारण बेखौफ हुए आरोपी अब शिकायत वापस लेने के लिए उनके व्हाट्सएप पर लगातार धमकी भरे संदेश और आपत्तिजनक सामग्री भेजकर दबाव बना रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो पीड़ित को जनसुनवाई का दरवाजा खटखटाना पड़ा।
प्रमुख मांगें-फर्जी राजीनामा स्वीकार करने और भ्रष्टाचार की फाइल महीनों तक दबाकर रखने वाले जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए। आरोपियों द्वारा दी जा रही धमकियों को देखते हुए पीड़ित एवं उनके परिवार को तत्काल प्रशासनिक सुरक्षा दी जाए।

04 अक्टूबर से चिता पत्थर मंदिर में भूख हड़ताल की चेतावनी

जिला पंचायत की कार्यप्रणाली से त्रस्त पीड़ित ने अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि 29 सितंबर 2026 से 03 अक्टूबर 2026 तक दोषियों पर ठोस दंडात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है, तो वे दिनांक 04 अक्टूबर 2026 से ग्राम पंचायत ढुटेरा स्थित चिता पत्थर मंदिर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या जनहानि की संपूर्ण जिम्मेदारी

एक सप्ताह में दो मंदिरों में चोरी, चोरों ने दानपात्र और चांदी के आभूषण किए पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

नगर व आसपास के क्षेत्र में मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए एक सप्ताह में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। 26 सितंबर को तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड के हनुमान मंदिर से चांदी की पादुका चोरी हुई थी। इसके तीन दिन बाद 29 सितंबर की रात ग्राम माल्हनवाड़ा स्थित बंजारी माता मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो चोरी की जानकारी सामने आई। चोर दानपात्र में रखी करीब 30 हजार रुपए की नगदी और माता की प्रतिमा को पहनाई गई करीब 200 ग्राम वजनी चांदी की पायल चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने छपारा थाने और डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। लगातार दूसरी मंदिर चोरी से क्षेत्र में नाराजगी है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों का जल्द पता लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

आज से पांच दिवसीय शिव तत्व महोत्सव क होगा शुभारंभ-आचार्य महेंद्र मिश्र

हरिभूमि न्यूज सिवनी। आज शिवालय में विधि विधान से पूजन अर्चना के साथ प्रकृति महोत्सव क शुभारंभ किया जाएगा उक्ताशय जानकारी महर्षि योग ध्यान साधना संस्थान के अध्यक्ष योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र ने दी उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप के द्वारा विगत कई वर्षों से प्रकृति और जल तत्व संरक्षण पर कार्य किये जाते रहे किन्तु आगामी एक अक्टूबर से पांच अक्टूबर को विभिन्न स्थलों पर धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान के अंतरंग साफ सफाई ,वेधनाथ धाम ज्योतिलिंग देवघर झारखंड से प्रकृति ,शिव प्रेम और मित्रता पर आधारित अभियान कि पहल को अभिषेक एवं विभिन्न अनुष्ठान कर के महालक्ष्मी पर्व पर विशेष पूजन -प्रसाद वितरण कर एक आध्यात्मिक चिंतन के साथ ये अभियान को प्रबल करेंगे और इसकी गरिमा और भाव से अन्य लोगो को प्रेरित करेंगे।
लक्ष्मी कश्यप ने बताया कि जीवन में गुरु बिन जीवन अधूरा रहता हे आज जो भी सामाजिक और आध्यात्मिक कार्य किये गये उसे आचार्य महेंद्र मिश्र जी क मार्गदर्शन और सहयोग एक संजीवनी बनकर हमारे अभियान को ऊर्जा देती हे ये अभियान से प्रकृति अर्थात जेवविविधता के प्रति हमारे हर स्वरूप और संरक्षण के प्रति शिव प्रेम और मित्रता के भाव को जागृत कर उन्हें संरक्षित करनें कि पहल कि जावे गी और शिव प्रेम से जोडकर जीवन को आनंदित और तनाव मुक्त के भाव को प्रगट किया जायेगा।

संगठन विस्तार और हनुमान चालीसा केंद्रों की स्थापना पर होगा मंथन

4 अक्टूबर को भोमा में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की ब्लॉक स्तरीय बैठक

कान्हीवाड़ा। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की ब्लॉक स्तरीय बैठक आगामी 4 अक्टूबर को गोली सामाजिक भवन, भोमा में आयोजित की जाएगी। बैठक का प्रमुख उद्देश्य संगठन के विस्तार के साथ गांव-गांव में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने की योजना पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करना है। बैठक में ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकत्रित होंगे तथा संगठन की रीति-नीति, आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस दौरान ग्रामीण स्तर तक संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोडने पर भी चर्चा होगी। बैठक में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री अशोक सोनी, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष कपिल अवधिया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। आयोजकों ने ब्लॉक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होकर संगठनात्मक चर्चा में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

रैपिडो बाइक टैक्सी के संचालन पर उठे सवाल, ऑटो यूनियन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, परमिट और सुरक्षा मानकों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में रैपिडो के माध्यम से निजी मोटरसाइकिलों से यात्रियों के परिवहन को लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस जिला ऑटो यूनियन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नियमानुसार जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। यूनियन का कहना है कि निजी मोटरसाइकिलों से व्यावसायिक यात्री परिवहन होने से स्थानीय ऑटो चालकों की आजीविका प्रभावित हो रही है।
ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ बाइक टैक्सी चालक आवश्यक व्यावसायिक अनुमति, परमिट एवं परिवहन संबंधी नियमों का पालन किए बिना यात्रियों का परिवहन कर रहे हैं। यूनियन ने यह भी दावा किया कि कुछ चालक हेलमेट सहित



आवश्यक सुरक्षा उपायों का पर्याप्त पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं।
यूनियन ने शहर से बाहर स्थित मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज की ओर आने-जाने वाले विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के सुरक्षित परिवहन का मुद्दा भी उठाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन द्वारा ऐसे परिवहन साधनों के संचालन की वैधता, परमिट, सुरक्षा मानकों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच किया जाना जरूरी है। ऑटो यूनियन ने कलेक्टर से मांग की है कि रैपिडो के माध्यम से संचालित बाइक टैक्सी की वैधानिक अनुमति, परमिट एवं परिवहन नियमों की जांच कराई जाए। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं नियमसम्मत परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
यूनियन का कहना है कि कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय ऑटो चालकों की आजीविका के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा और शहर में व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

बखारी में दिया गया कौमी एकता का पैगाम मुफ्ती तौहिद- आलम साहब रजवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि विश्व प्रसिद्ध अध्यात्मिक सूफी धर्म गुरु शेख अब्दुल्ल कादिर जिलानी बड़े पीर जो पुरे विश्व में सूफी विचार धारा के जनक है,उनके उर्स ग्यारवीं शरीफ का त्योहार पर शानदार प्रोगाम ग्राम बखारी में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या सभी समुदाय ने ग्यारवीं शरीफ में लंगर भंडारे में शामिल हुए उसके बाद सिवनी से तशरीफ़ लाए हजऱत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद आलम साहब रजवी खतिबो ईमाम मस्जिद नूर अंबिया राज्य परिवहन बस स्टैंड का शानदार खिताब हुआ आपने बखारी ग्राम में आयोजित प्रोगाम को हिन्दुस्तान की भारतीय परम्परा गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति को क़ायम रखने वाले ऐसे आयोजन की सराहना की और आयोजन समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को ईद ए गौसिया ग्यारवीं शरीफ की मुबारकबाद दी आपने आगे कहा इस वक्त देश में नफऱत फैलाने के लिए कुछ असमाजिक तत्व लगें हुए हैं जो हमारे देश प्रदेश सहित सिवनी जिले में शांति व्यवस्था बिगाडऩे में सक्रिय



हैं लेकिन हम क़ौमी एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति को क़ायम रखे गे,जिस तरह आसमान की खूबसूरती उसमें तारों की चमक से है इस तरह मुल्क ए हिन्दुस्तान की खूबसूरती एकता अखंडता यहा मजारों दरगाह खानकाह पीर फकीर सूफी संत की मजारों से है ये वो आस्था के मरकज है जहां किसी भी धर्म के मानने वाले को उसकी श्रद्धा अनुसार पूजा फातिहा पड़ते देखा जाता है ये हमारे देश की खूबसूरती है भारत में मजारो पर बुलडोजर चलवाकर क़ौमी एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति को खत्म किया जा रहा है जो बिल्कुल नहीं होना चाहिए ? आपने समाज जनो से विषेष रूप से कहा आप फिजूल खर्च रोके और मुस्लिम समाज के बच्चो को उक्षय शिक्षा दिला कर उनका उत्थान करें ये वक्त मुस्लिम समाज को राष्ट्र के लिए शिक्षित करने की जरूरत है आपकों अपनी बच्चियों बच्चों को आला तालिम आधुनिक युग में आधुनिक शिक्षा हासिल करने के लिए अपने स्कूल कालेज यूनिवर्सिटी हास्पिटल वगैरह बनाने में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। आपने आगे कहा मौजूदा समय में जिले में मुस्लिम मदरसों से सिर्फ चंदे का कारोबार चल रहा है अहले सुन्नत व जमात के चंदे से समाज को पिछले तीन दशक से कोई लाभ नहीं हुआ है वलकी अहले सुन्नत व जमात को और ज्यादा नुक्सान पहुंचा है हम अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी विचार धारा वाले लोग जोडऩे का काम करते हैं प्यार मोहब्बत बांटते हैं ये हमारे सूफी संत हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैय का पैगाम है इस महफिल में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज महीलाओं बुजुर्गो नौजवानों ने शिरकत की ग्राम के हाजी हजरात उलमा ए अहले सुन्नत बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मक्के के खेत में मिला शव



हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले में कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम सातोशा में बुधवार को मक्के के खेत में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि ग्राम सातोशा के एक खेत में अज्ञात महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी।
पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। प्रथम दृष्टया महिला स्थानीय निवासी नहीं लग रही है। महिला के पैर के पास काले निशान भी पाए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया करंट लगने से बने निशान जैसे प्रतीत हो रहे हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस के अनुसार, मृतका की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला खेत तक कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आसपास के गांवों में जानकारी जुटाने के साथ ही महिला की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं।

किए अनुभव, आईपीएल खिलाड़ी अरशद खान ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज में पूर्व छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं आपसी संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भव्य एल्युमनी मीट समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विद्यालय से जुड़ी पुरानी यादों को साझा किये कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके आईपीएल खिलाड़ी अरशद खान



विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने, अनुशासन बनाए रखने तथा खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही विद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को ताजा किया। समारोह के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य हेमंत कुमार मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन एस.एस. चौहान एवं ज्योति उइके द्वारा किया गया। अंत में श्रीमती पी. शुक्ला ने अतिथियों, पूर्व विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

3 एवं 4 अक्टूबर को सिवनी जिले में आयोजित होगा 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार'

ग्रामीण और नगरीय स्तर पर लगेंगे मेगा शिविर, मौके पर मिलेंगी शासकीय सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राज्य शासन के निर्देशानुसार सिवनी जिले में 3 एवं 4 अक्टूबर 2026 को 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत 3 अक्टूबर को ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को उनके गांव एवं वार्ड स्तर पर शासकीय सेवाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।
यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ राजस्व विभाग से संबंधित नागरिक सेवाओं के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ यथासंभव मौके पर ही उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी।
अभियान के दौरान विशेष रूप से कृषकों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं तथा वंचित एवं कमजोर वर्गों से जुड़े प्रकरणों पर ध्यान दिया जाएगा। नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की जाएगी।
नागरिक शिविरों में पहुंचकर लें योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ
जिला प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने गांव एवं वार्ड में आयोजित होने वाले 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लें। नागरिक अपने लंबित प्रकरणों तथा योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर में आवेदन एवं आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र हितग्राही शिविरों का लाभ उठाते हुए शासन की सेवाओं एवं योजनाओं से जुड़ें।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

सुनसान घरों में किया चोरी का प्रयास, कीमती सामान नहीं मिलने पर किया तोड़फोड़

नकाबपोश बदमाशों ने महेश्वर नगर में मचाया आतंक



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का आतंक मचा हुआ है। कभी यह चोर मकान, दुकानों या सुनसान घरों को अपना निशाना बना रहे है। कुछ ऐसी ही घटना 28 सितंबर की रात वारासिवनी नगर के वॉर्ड नंबर 8 महेश्वर नगर में घटित हुई है। जहां कुछ नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने कुछ सुनसान घरों में चोरी करने का प्रयास किया। मगर घर में कुछ कीमती सामान नहीं मिलने पर सामानों को बिखेरा व तोडफ़ोड़ कर वहां से रफूचक्कर हो गए। ये सारी घटना एक मकान में लगे सीसीटीवीटी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद वहां निवासरत लोगों ने वारासिवनी थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवा दी है।

विदित हो कि इसी महेश्वर कालोनी में दो से तीन पुलिस वालों के परिवार भी निवास करते है। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार घटनाओं के चलते कालोनी में निवासरत लोगों में भय बना हुआ है। यह सारी घटना वहां लगे मकानों के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सुबह उठा तो देखा मकान का टूटा हुआ था ताला-जे एस चौरे

महेश्वर नगर में निवासरत जे एस चौरे ने बताया कि 28 सितंबर की में रात्रि लगभग 3-4 घरों के ताले टूटे है। मेरे उस कालोनी में दो मकान है। एक मकान में मेरा परिवार निवास करता है। दूसरे मकान में कोई नहीं रहता है। मगर उस कमरे का ताला टूटा हुआ था। कोई समान नहीं रखा हैं, इसलिए कुछ चोरी नहीं हुई है। दूसरे दिन जब सुबह मै उठा, तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ था। फिर कालोनी में कुछ लोगों ने भी बताया कि अन्य लोगों के मकानों के ताले भी टूटे हुए हैं। शिक्षक लक्ष्मी चौधरी शासकीय शिक्षक है। जो बाहर पदस्थ है। उनके निवास में पूरा सामान बिखरा हुआ था। हालांकि उनके घर में कुछ चोरी नहीं हुआ है। मगर उनके घर में यह चोरी की तीसरी घटना है।

हथियारबंद बदमाशों को देखकर कॉलोनीवासियों में बना है डर-सिद्धांत ठाकुर

सिद्धांत ठाकुर ने बताया कि 28 सितंबर को निवासरत कालोनी के लोगों ने शोर मचाया कि चोरी हुई है। जिसके बाद मैने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखा, तो उसमें 4-5 नकाबपोश बदमाश, जिनके हाथों में लठ, डंडे व लोहे के कुछ हथियार दिखाई दे रहे है। अन्य मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे, तो सभी घरों में वे दिखाई दे रहे है। यह घटना पहली बार नहीं है। लगातार हो रही घटनाओं से कालोनी वासियों में डर बना हुआ है।

बालाघाट-बैहर-बिरसा में आज से शुरू होगी डिजिटल मॉनिटरिंग

'बाल गिनती' ऐप से डिजिटल होगी आंगनवाड़ी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में नई पहल की गई है। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीणा की पहल पर आंगनवाड़ी केंद्रों की मॉनिटरिंग और बच्चों से संबंधित जानकारी के डिजिटल संधारण के लिए 'बाल गिनती' मोबाइल एप्लीकेशन को मैदानी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इंदौर की टेक्टम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित इस डिजिटल एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित एप्लीकेशन के संचालन के लिए 30 सितंबर को संबंधित मैदानी अमले और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद 01 अक्टूबर 2026 से बालाघाट, बैहर और बिरसा परियोजना क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों की डिजिटल मॉनिटरिंग और डेटा अपडेटिंग का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। 'बाल गिनती' ऐप के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की उपस्थिति तथा उन्हें उपलब्ध कराए जाने वाले हॉट कुक्ड मील यानी गर्म पौष्टिक भोजन की जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी। इससे प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति एवं पोषण आहार की उपलब्धता से संबंधित जानकारी को व्यवस्थित तरीके से संधारित और मॉनिटर किया जा सकेगा। डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से मैदानी स्तर से प्राप्त जानकारी को प्रशासनिक स्तर पर मॉनिटर करने में सुविधा होगी। इससे आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की नियमित निगरानी तथा आवश्यकतानुसार समय पर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 'बाल गिनती' ऐप को उपयोग में सरल बनाया गया है। डिजिटल व्यवस्था लागू होने से आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित जानकारी के संधारण और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं पेपरलेस होगी। इससे मैदानी अमले का समय बचने के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को भी आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध हो सकेगी।

पीएचई विभाग ने पेयजल स्रोतों की स्वच्छता के साथ आवश्यक सुधार कार्य भी किया

बिरसा के पांच गांवों में हैंडपंपों का क्लोरीनेशन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्रोतों की नियमित जांच एवं रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बिरसा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में हैंडपंपों का क्लोरीनेशन एवं आवश्यक सुधार कार्य किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा ग्राम दमोह, बहेराखार, गोगाटोला, परसाटोला एवं किनारदा में पहुंचकर हैंडपंपों का क्लोरीनेशन किया गया। साथ ही जिन हैंडपंपों में तकनीकी समस्या या अन्य प्रकार की आवश्यकता पाई गई, वहां आवश्यक सुधार कार्य भी किया गया। विभाग द्वारा ग्रामीणों को पेयजल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई रखने के लिए भी जागरूक किया गया। विभाग का मैदानी अमला ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन



एवं मरम्मत का कार्य कर रहा है, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

हायर सेकेंडरी स्कूल जाम में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(आर.बी.एस.के) के अंतर्गत प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माह सितंबर में आर.बी.एस.के. टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा के आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुकेश चौहान एवं डॉ. कामिनी टेम्भरे साथ ही ए.एन.एम. श्रीमती प्रतिभा तेकाम एवं श्रीमती पारुल अडमे द्वारा शास.उच्च. माध्य. विद्यालय जाम मे रेडक्रॉस प्रभारी कु.हेमा भलावे मैडम साथ ही माध्यमिक शाला के प्रभारी शिक्षक श्री देवेंद्र चौरे के सहयोग से एवं प्राचार्य श्री एमन्त ठाकरे के निर्देशन में विद्यालय के समस्त 755 विद्यार्थियों का चार दिनों तक स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त परीक्षण किया गया। संस्था के शिक्षक श्री लवकुश रंगारे एवं डा.श्री मुकेश चौहान द्वारा बताया गया कि गंभीर एनीमिया तथा गंभीर बीमारी के विद्यार्थियों को चिन्हाकित कर जिला अस्पताल रीफर किया गया, साथ ही सामान्य बीमारी के विद्यार्थियों का उचित दवाइयां देकर इलाज किया गया। साथ ही संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इस दौरान आर.बी.एस.के लालबर्रा की टीम एवं संस्था के शिक्षक उपस्थित रहे। संस्था प्राचार्य द्वारा उपस्थित टीम को धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया गया।

आदिवासी बच्चों की मौत का मामला

बालाघाट पहुंचेंगे राहुल गांधी और जीतू पटवारी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मई से सितंबर तक 32 आदिवासी बच्चों की गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई। अगस्त महीने में जैसे ही बच्चों की लगातार हो रही मौतों की खबर मीडिया की सुर्खियां बनी, पूरे देश में इसकी चर्चा होने लगी। शासन और प्रशासन विपक्ष के घेरे में आ गया। इसी मुद्दे को लेकर 1 अक्टूबर को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बालाघाट के बीमारी से प्रभावित इलाकों में पहुंच रहे हैं। यहां वे मृत बच्चों के परिजनों से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी आएंगे बालाघाट।

ग्राम कटंगा में आंगन मिलन कार्यक्रम एवं सहायिका का विदाई समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

सेक्टर जाम के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटंगा में परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे के कुशल निर्देशन में एक भव्य 'आंगन मिलन' कार्यक्रम और आंगनवाड़ी सहायिका का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच, महिला सदस्य, महिला मंडल मोर्चा के सदस्य, ग्रामीण जन सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हो रहीं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती कांता पांडुरे जी को उनके



द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों और सहकर्मियों द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल, चांदी की पायल और साड़ी जैसी उपहार सामग्रियां भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच महोदय ने पंचायत स्तर से बाबरिया-1 आंगनवाड़ी केंद्र के मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द करवाने की महत्वपूर्ण घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को पंचायत विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को और अधिक रचनात्मक बनाने के लिए स्थानीय महिलाओं के बीच एक व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण को दूर किया जा सके और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े।इस गरिमामयी और महत्वपूर्ण अवसर पर सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती नाजिया खान सहित क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

मजदूरों ने लगाए आरोप समय पर नहीं मिल रही मजदूरी, निकालने की दी जा रही धमकी

सुकली मैंगनीज मायॅल में मजदूरों का शोषण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के ग्राम सुकली में संचालित भारत सरकार के उपक्रम मैंगनीज मॉयल में मजदूरों के साथ कथित तौर पर अमानवीय व्यवहार और आर्थिक शोषण का मामला सामने आया है। यहां काम करने वाले ग्रामीण मजदूरों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार मायॅल मैनेजर के संरक्षण पर ऐसा कर रहा है। मजदूरों के मुताबिक ठेकेदार उन्हें महीनों तक मजदूरी नहीं देता और जब मायॅल प्रबंधक से इसकी शिकायत की जाती है तो उन्हें काम से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती है। मजदूरों ने बताया कि इस संबंध में कई बार मायॅल प्रबंधक से मौखिक शिकायत की गई बावजूद इसके आज तक मजदूरों की समस्याओं का प्रबंधक के द्वारा निराकरण नहीं किया गया है। मजदूरों ने इस पूरे मामले को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत सुकली के सरपंच घनश्याम कुंजाम को लिखित शिकायती आवेदन देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।



मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मजदूरों ने 6 सूत्रीय बिंदुओं के आधार पर शिकायत कर मायॅल के भीतर चल रही गतिविधियों का पूरा चिट्ठा खोला है। मजदूरों के इन तमाम आरोपों पर हमने मायॅल प्रबंधक आर.एस.दुबे से दूरभाष पर संपर्क किया। उन्होंने मजदूरों के आरोपों को खारिज तो नहीं किया बल्कि मायॅल का पक्ष रखते हुए बेहद नपातुला जवाब देते हुए कहा कि कार्यालय आने पर वह दस्तावेज जरूर दिखाएगें। जिसमें मजदूरों के द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का जवाब मिल सकता है।

बता दें कि मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार उन्हें 2 से 3 महीने तक मजदूरी नहीं देता। मजदूर रोज खदान में अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, लेकिन जब मजदूरी मांगने जाते हैं तो ठेकेदार आज-कल का बहाना बनाकर खाली हाथ लौटा देता है। प्रतिमाह मजदूरी नहीं मिलने से गरीब मजदूरों के घर में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। मजदूरों ने बताया कि उन्होंने कई बार मौखिक रूप से मायॅल मैनेजर सुकली को इस संबंध में शिकायत की, लेकिन मैनेजर ने हर बार उनकी शिकायत को नजरअंदाज ही किया। मजदूरों की बात सुनने के बजाय उन्हें दुत्कार दिया जाता है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि जब वह अपनी मजदूरी के लिए आवाज उठाते हैं तो उन्हें काम से निकाल दिया जाता है और बकाया मजदूरी भी नहीं दी जाती। इस डर से कई मजदूर चुपचाप शोषण सहने को मजबूर हैं। मजदूरों का कहना है मायॅल मैनेजर अपने पद का दुरुपयोग कर तानाशाही रवैया चला रहे हैं और वह मजदूरों को बेरोजगार कर रहे हैं। स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने के बजाय उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। मजदूरों ने एक और बड़ा मुद्दा उठाया है कि सुकली मायॅल में लगभग 6 से 7 सालों के अंतराल में किसी भी प्रकार का रोजगार नहीं बढ़ाया गया है।

2 अक्टूबर से बालाघाट जिले में शुरू होगा 'सुधार उत्सव'

बालाघाट। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग एवं मध्यप्रदेश भू-संसाधन प्रबंधन आयुक्तालय के निर्देशानुसार जिले में 2 अक्टूबर 2026 से 'सुधार उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (DILRMP) के तहत किए जा रहे सुधारों और उनसे नागरिकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के लिए तहसीलदारों को तहसील क्षेत्र का पदेन नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ समन्वय कर कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्रीय कर्मचारियों को ग्राम सभाओं में सक्रिय भागीदारी करते हुए DILRMP के तहत उपलब्ध और प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान 'Accessibility of Digital Land Records' से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही डिजिटल भू-अभिलेखों से जुड़े प्रमुख सुधारों की जानकारी नागरिकों को दी जाएगी। कार्यक्रम के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार उप. तहसील शाहगंज, वृत्त बकतरा, तहसील बुदनी, जिला सीहोर

::: उद्घोषणा :::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता महेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता महेन्द्र सिंह दोनों निवासी ग्राम हिंगनासिर तहसील बुदनी जिला सीहोर द्वारा ग्राम हिंगनासिर स्थित भूमि सर्वे नम्बर 61 रकबा 2.5570 हे., 142/2 रकबा 4.7410 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में श्रीमति वैशाली परिहार पुत्री स्व0 श्री महेन्द्र सिंह, पत्नि आशीष सिंह के नाम पर दर्ज है जिसके भूमि स्वामी श्रीमति वैशाली परिहार पुत्री स्व. श्री महेन्द्र सिंह द्वारा दिनांक 21/10/2018 को उपरोक्त वर्णित भूमि वसीयतनामा आवेदक गण के पक्ष में निष्पादित किया गया है। प्रश्नगत भूमि खसरा नंबर 142/2 रकबा 4.7410 हे. में से 9 एकड़ भूमि शेलेन्द्र सिंह सिसोदिया को एवं सर्वे कमांक 61 रकबा 2.5570 अर्थात 6.39 एकड़ भूमि खसरा नंबर 142/2 में से रकबा 2.85 एकड़ सहित कुल 9.24 एकड़ भूमि देवेन्द्र सिंह सिसोदिया को वसीयत से प्रदान की गई है। वसीयतकर्ता श्रीमति वैशाली परिहार की मृत्यु दिनांक 30/03/2022 को हो गई है। आवेदक गण द्वारा वसीयत शुदा भूमि पर स्वयं के नाम नामांतरण स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण कमांक 0143/अ-6/2026-27 इस न्यायालय में पंजीबद्ध है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना जारी होने की दिनांक से 7 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रश्नगत भूमि पर आवेदक गण के नाम नामांतरण स्वीकृत किये जाने का आदेश पारित कर दिया जावेगा। समय अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार,
उप-तहसील शाहगंज, वृत्त बकतरा

महिला बाल विकास बालाघाट के अंतर्गत ग्राम बटुआ में 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

महिला बाल विकास बालाघाट ने 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुनद्रियाल के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौकसे के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास बालाघाट ग्रामीण के सेक्टर चांगोटोला अंतर्गत ग्राम पंचायत बटुआ में 29 सितंबर को 9 वें राष्ट्रीय पोषण माह 2026 अंतर्गत परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस वर्ष की मुख्य थीम हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेवारी निर्धारित की गई है.इस पोषण माह के दौरान 5 प्रमुख विषयों पर कार्य किया गया, जिनमें आहार विविधता, पर्याप्त प्रोटीन, गर्म पका भोजन, प्रधान मंत्री मातृ वंदना



योजना और बाल विकास हेतु पोषण शामिल हैं. इन विषयों पर कार्य करते हुए एक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई.यह कार्यक्रम सांसद प्रतिनिधि श्री शिवकुमार हरिनखेड़े, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरिता पटले एवं ग्राम पंचायत बटुआ की सरपंच श्रीमती संगीता हरिनखेड़े के आतिथ्य में संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर आंगन मिलन, सेवा की कार्ययोजना के अनुसार ग्राम बटुआ में मातृ संवाद,बाल पोषण गतिविधियों का आयोजन कराया गया, जिसमें महिला, पुरुष व बच्चे शामिल रहे.कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनुसूइया वंशकार,श्रीमती विमला परते तथा उर्मिला वर्मन का विशेष सहयोग रहा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रभावी नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मलांजखंड सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत नमो सेवा (अनकही कहानियाँ) गतिविधि के तहत शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नशामुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्च चौक, मलाजखंड में प्रभावी नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे



से होने वाली सामाजिक, शारीरिक एवं पारिवारिक हानियों तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मलाजखंड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे के मार्गदर्शन एवं सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. आर. के. पिवहरे के निर्देशन में आयोजित किया गया। नमो सेवा गतिविधि के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रोशनी सुलाखे, डॉ. अल्का हिरकने एवं डॉ. शशि रैदास रहीं।

इस अवसर पर डॉ. एस.एल. मंडावी, प्रो. स्वाति सिंह एवं डॉ. करुणा पटेल उपस्थित रहे। महाविद्यालय के कर्मचारी चंदन नेवारे एवं रामप्रसाद पनरिया सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। नुक्कड़ नाटक को स्थानीय नागरिकों ने रुचि एवं उत्साह के साथ देखा तथा नशामुक्त समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का संदेश प्राप्त किया।

आउटसोर्स कर्मचारियों को समय-सीमा में देना होगा वेतन

बालाघाट। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विभागों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थाओं तथा निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत आउटसोर्स एवं ठेका कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में वेतन का भुगतान करना अनिवार्य है। श्रम विभाग ने सभी नियोजकों को श्रम कानूनों के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

